भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1871
(दिनांक 11.02.2026 को उत्तर के लिए)

केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पद

1871. श्रीमती महुआ मोइत्रा:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों में स्वीकृत, वर्तमान में भरे हुए और रिक्त पदों की अनुमानित संख्या के संबंध में कोई प्रारंभिक अध्ययन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी विभाग-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान रिक्त पदों की श्रेणी-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने केंद्र सरकार की सभी एजेंसियों और विभागों में रिक्त पदों का आकलन करने के लिए कोई समिति गठित की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख): संघ सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में संस्वीकृत पदों, पदस्थ और रिक्तियों आदि के संबंध में सूचना, व्यय विभाग के वेतन अनुसंधान एकक की वार्षिक रिपोर्टों में उपलब्ध है जो कि सार्वजनिक रूप से यूआरएलः https://doe.gov.in/annual-report-pay-and-allowances पर उपलब्ध है।

रिक्तियों के संबंध में विस्तृत सूचना का रख-रखाव करने का उत्तरदायित्व, संबंधित संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरणों/मंत्रालयों/विभागों का है।

(ग) और (घ): विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पदों का होना और उन्हें भरा जाना, एक सतत् प्रक्रिया है। सभी मंत्रालयों/विभागों को समयबद्ध तरीके से रिक्त पदों को भरने के लिए समय-समय पर अनुदेश जारी किए गए हैं।

संघ सरकार में मिशन-मोड में रिक्तियों को भरा गया है और अक्टूबर, 2022 से आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय रोजगार मेलों में संस्तुत/ चयनित अभ्यर्थियों को कई लाख नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं।

*****